30.6.2015

पत्रावली आज राजस्व लोक अदालत /कैम्प कोर्ट अभियान के दौरान पेश हुई उभयपक्ष उप0 सायल ने जाहिर किया कि विवादित आराजी में वह गैरसायल के पिता प्यारे के साथ सहखातेदार काश्तकार था। उनका देहांत हो चुका है। हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत पुत्र, पुत्री, पत्नी बराबर के हिस्सेदार है प्यारे की मृत्यू के बाद गैरसायल ने फर्जी वसीयतनामा के आधार पर राजस्व अभिलेख में अपना नाम इन्द्राज करा लिया है। गलत इन्द्राज की आड़ में सायला को काश्त नहीं करने देता है। विवादित आराजी में सायला 1/4 भाग की खातेदार काश्तकार है सयुक्त रूप से काबिज है सायला ने प्रा0 पत्र पेश कर गैरसायल को जरिये अस्थायी निषेधाज्ञा से पाबंद करने हेतु निवेदन किया है गैरसायल को जरिये नोटिस तलब किया गया। उसके द्वारा कथन किया कि सायला को प्यारेलाल का वारिस होना स्वीकार किया। परन्तु मृतक प्यारेलाल के द्वारा दिनांक 5.4.12 को गैरसायल के हक में वसीयत किया जाना अंकित किया है। वसीयत के आधार पर नामान्तकरण स्वीकार कर राजस्व अभिलेख मे गैरसायल के नाम इन्द्राज हुआ है। मौके पर गैरसायलान काबिज है सायला का मौके पर कब्जा नहीं है। बिना कब्जा प्रार्थना पत्र सायला पोषणीय नहीं है। प्रा0 पत्र खारिज किया जावे।

सहायक कलक्टर [illegible]
जोधपुर (राज.)

हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा उभयपक्ष की बहस का मनन किया राजस्व अभिलेख में गैरसायल की विवादित आराजी पर खातेदार का अंकन है सायला द्वारा वक्त नामांतकरण पर कोई आपत्ति नहीं की, नामांतकरण की अपील विचाराधीन होना अंकित किया है। परन्तु निर्णय नहीं हुआ है। कब्जे के सम्बन्ध में सायला के द्वारा ऐसा कोई दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं किया जिससे यह सिद्ध होता हो कि विवादित आराजी पर सायला का कब्जा रहा हो। विवादित आराजी खसरा नम्बर 854, 855, 856, 857, 858, 859, 862, 863, 866, 867, 868, 869, 870 बाकै ग्राम कलुआ का पुरा तहसील धौलपुर पर सायला अपना कब्जा सिद्ध करने में असफल रही है। सायला के अधिकारों का निर्णय मूल दावा में साक्ष्य होने के बाद तय किया जावेगा। प्रा0 पत्र में अधिकारों का निर्णय नहीं किया जा सकता है। सायला अपना केस प्रथमदृष्टया सिद्ध करने में असफल रहीं है। इसलिए प्रा0 पत्र खारिज किया जाना उचित समझते है।

अतः आदेश है कि प्रार्थना पत्र सायला खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसलशुमार होकर वाद तकमील मूलदावा के साथ संलग्न रहे। आदेश सुनाया गया।

सहायक कलक्टर मुख्यालय
धौलपुर (राज०)